# दाती तेरा भिखारी से रिश्ता युगों पुराना

दाती तेरा भिखारी से
रिश्ता युगों पुराना,
सबने सब कुछ यहाँ से
पाया हम को तो भी पाना है,

जिनको सारा जग ठुकरा दे
उन्हें तुम गले लगाती हो
बेरेहमो ने कुचला जिनको
रहम माँ उनपर खाती हो,

किसी के दर्दे जिगर का
तुमसे छुपा नही अफसाना है,
दाती तेरा भिखारी से
रिश्ता युगों पुराना,

फुला फला तेरी मैहर से
गुलशन हर किसी की आस का,
तुमने कभी ना गला दबाया
किसी के भी विश्वाश का,

तेरी ममता की शीतल छाया
माँगता सारा जमाना है,
दाती तेरा भिखारी से
रिश्ता युगों पुराना,

तुम बचो के भाग्य को पड़ कर
कभी हस्ती कभी रोती हो,
सबको बराबर प्यार हो देती
दूर ना किसी से होती हो,

मैया तेरे निर्दोष दरबार का
हर कोई दीवाना है,
दाती तेरा भिखारी से
रिश्ता युगों पुराना

Source:
https://www.bharattemples.com/dati-tera-bhikhari-se-rishta-yugo-purana-sabne-sab-kuch-yaha-se-paya-hum-ko-to-bhi-pana-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw